(ग) क्या सरकार ने इस कार्यक्रम हेतु किसी अन्य राज्य को भी चुना है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) से (घ) आदिवासी बहुल सात राज्यों, अर्थात् आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उड़ीसा और राजस्थान के लिए बाह्य सहायता प्राप्त करने की एक परियोजना तैयार की जा रही है। इसके अतिरिक्त उत्तर पूर्वी राज्यों में मलेरिया नियंत्रण कार्यों को तेज करने को प्राथमिकता प्रदान की गई है।

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना में प्राथमिक उपचार सुविधा

6662. **श्री अजीत जोगी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा के सभी औषधालयों में आपातकालीन रोगियों का प्राथमिक उपचार करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है,

(ख) यदि हां, तो ऐसे औषधालयों में उपलब्ध आक्सीजन के सिलैंडर, जीवन-रक्षक औषधियों तथा विष का प्रभाव समाप्त करने वाली औषधियों, जैसी सुविधाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा के औषधालयों में "आपातकालीन" सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी शंकरानन्द): (क) जी, हां।

(ख) आक्सीजन सिलिंड़रों सहित सभी जीवन रक्षक औषधें औषधालयों मे उपलब्ध हैं। तथापि, विष ग्रस्त रोगियों को अस्पतालों में भेज दिया जाता है।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।

Curbing the Use of Tobacco

6663. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) the number of deaths due to tobacco-related disorders during 1990, 1991 and 1993; and

(b) whether there is a proposal to effectively prohibit smoking in public places and to launch a campaign to curb smoking and use of tobacco and tobacco products, if so, the details thereof?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) It has been estimated that about 8 (eight) lakhs deaths occur every year due to tobacco related diseases.

(b) The Government has decided to enact a comprehensive Anti-tobacco Legislation which will inter alia provide for ban on tobacco advertisements and ban on smoking in selected public places.

राज्यों को दवाओं की आपूर्ति

6664 **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री हरमोहन सिंह:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सहित राज्य-सरकारों को दवाओं की आपूर्ति की जाती है;

(ख) पिछले वर्ष बिहार की मांग कितनी थी और उसे कितनी मात्रा में दवाओं की आपूर्ति की गयी थी;

(ग) क्या यह सच है कि इन दवाओं की आपूर्ति में काफी समय लग जाता है; और

(घ) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) मांगकर्ता राज्य सरकारों को दवाइयों की आपूर्ति केन्द्रीय सरकार के चिकित्सा सामग्री भण्डार संगठन द्वारा की जाती है। तथापि, उत्तर प्रदेश सरकार उस संगठन से दवाइयां प्राप्त करने के लिए पंजीकृत